## झरने में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

**पावटा,( निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के भैरू क्यारा में झरने के नीचे नहाने के लिए गये तीन दोस्तों में से एक युवक की झरने में डूबने के कारण मौत हो गई। झरने का बहाव तेज होने के कारण उसका कोई अता पता नहीं चला।

घटना दिन के करीब दो बजे की बतायी जा रही है।प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को तीन दोस्त राकेश, महेंद्र व मुकेश दोपहर करीब 1 बजे नहाने के लिए भैरू क्यारा रवाना हुए थे। भैरू क्यारा झरने पर पहुंचने पर झरने के नीचे नहाते समय दोपहर करीब 2 बजे मुकेश पुत्र सीताराम जाती बलाई उम्र 20 साल निवासी मस्जिद के पास मौहल्ला पावटा झरने में डूब गया। जिसकी सूचना प्रागपुरा थाने को मिलने पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार मय टीम के मौके पर पहुंच ग्रामवासियों के सहयोग से मृतक की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा है। वही एसडीआरएफ को सूचित किया गया। कुछ ही देर में यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और देखते देखते लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। वहीं इस मामले को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है तो वही स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल भी गर्म है।

# जिले भर में निकाली तिरंगा वाहन रैली, लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के चलते जिला एवं पुलिस प्रशासन ने शनिवार सुबह एक बाइक तिरंगा यात्रा निकाली है। स्वयं जिला कलेक्टर ने वाहन चलाकर तिरंगा बाइक रैली का आगाज किया तथा सभी वाहन चालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह बाइक रैली राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर कोटपूतली शहर के प्रमुख बाजारों तथा चौराहा से होकर राजकीय एलबीएस कॉलेज में जाकर सम्पन्न हुई। सभी वाहनों पर तिरंगा झण्डा लहराते हुए देशभक्ति के गीतों के साथ रैली अपने गन्तव्य रूट पर भव्यता के साथ मर्यादित तरीके से निकाली गयी। रैली के दौरान शहर वासियों ने जगह-जगह भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ बाइक रैली का स्वागत किया हर घर तिरंगा अभियान के चलते तिरंगा वाहन रैली में करीब तीन दर्जन वाहन शामिल हुए। वाहनों पर तिरंगा लहरा रहा था और



तिरंगा रैली को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने रवाना किया।

यह शहर के विभिन्न इलाकों से देश प्रेम और जनसेवा की भावना का संदेश देते हुए निकले हैं।

इस दौरान कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा सेल्फी स्टैंड में सेल्फी ली। इसी प्रकार की वाहन रेलियों का आयोजन सभी उपखंडों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक किया गया तथा सभी जिले वासियों के मन में देशभक्ति तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना का विचार संचारित किया गया। बता दे कि भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर द्वारा कराए जा रहे हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश

■ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने वाहन चलाकर रैली का किया आगाज

भक्ति, जागरूकता, नागरिकता बोध के प्रति जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा है। 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिंरगा सहित कई गतिविधियां 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक आयोजित की जाएगी। इसमें तिरंगा यात्रा, रैली, वाहन रैली, कॉन्सर्ट, प्रतिज्ञा, श्रद्धांजलि, सेल्फी, आदि गतिविधियां आयोजित होगी। ये गतिविधियां 15 अगस्त तक चलेगी इसमे 13 से 15 अगस्त तक जहां संभव हो सके सभी जगह तिरंगा प्रोटोकॉल के तहत फहराया जाएगा।इस दौरान पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र बुरड़क, पुलिस प्रशासन व आमजन मौजूद रहे।

## घर-घर में तिरंगा फहराएं : कलेक्टर झा

**टोंक, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' प्रत्येक देशवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत जिले भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी,एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप जिले में हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी झंडों की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने इस अभियान को तिरंगे की शान में एक शानदार उत्सव बताते हुए इसे जन-जन को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम बताया है। उन्होंने तिरंगा रैली में बाइक, कार एवं साइकिल के साथ कार्यक्रमों की संपूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएं तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक किया जाएं। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

इसी के तहत अभियान में सभी नागरिकों को दिल से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिले भर के राजकीय व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान की शपथ दिलाई गई।


# भारी बारिश से विद्यालय व मुख्य मार्ग बना तालाब

**पावटा, (निसं)।** लगातार बारिश के कारण पावटा कस्बे के विद्यालय व मुख्य मार्ग में पानी जमा हो गया। इस कारण मार्ग पर तालाब सा नजारा देखने को मिला। वहीं सड़क पर पानी जमा हो जाने के कारण स्कूल जाने वाले विद्यार्थीयों व वाहन चालकों समेत पैदल चल रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने

■ आवागमन में विद्यार्थियों, राहगीरों व वाहन चालकों हुई परेशानी

वाले विद्यार्थीयों, बाइक सवार सहित साइकिल चालकों को हो रही है। कई बाइक व साइकिल चालक इस पानी भरी सडक पर गिर कर चोटिल हो गये। अगर यही स्थिति बनी रही तो ना केवल आमजन को भारी मुसीबत झेलनी पडेगी, बल्कि सडक पर भारी मात्रा में



लगातार बारिश के कारण पावटा कस्बे के मुख्य मार्ग में पानी जमा हो गया।

पानी जमा रहने के कारण कभी भी कोई बडी दुर्घटना हो सकती है। समय रहते स्थानीय प्रशासन को इस समस्या का निदान कर लेना चाहिए अन्यथा किसी भी अनहोनी का सामना करना पड सकता है।

# विधायक पटेल ने आमजन के सुने अभाव अभियोग

**कोटपूतली, (निसं)।** विधायक हंसराज पटेल ने शनिवार को कस्बे के राजमार्ग स्थित डाक बंगला परिसर में नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन के विभिन्न अभाव अभियोग व शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया।

प्रदेश भर की तरह क्षेत्र में जारी निरन्तर बारिश को देखते हुये उन्होंने

■ कस्बे के जल भराव व जाम की समस्या से जल्द से जल्द निपटने के दिये निर्देश

नगर परिषद प्रशासन को कस्बे में व्याप्त जल भराव की समस्या से जल्द से जल्द निपटने के निर्देश दिये।

साथ ही स्थानीय पुलिस प्रशासन



विधायक हंसराज पटेल ने नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की।

को जाम की समस्या के त्वरित समाधान के लिये भी कहा।

विधायक ने नगर परिषद प्रशासन को कस्बे की सडकों पर गड्डे स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भर कर यातायात को सुचारू रखने के निर्देश भी दिये। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, रघुवीर गोयल, पूर्व सरपंच कृष्ण आर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, कमल कसाना, सरपंच शीशराम गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेरसिंह यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## डिग्गी जाने वाले यात्रियों की उनकी सेवा की

**आमेर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गुणावता गांव की बास की ढाणी के निवासी भोमाराम मीणा की तरफ से डिग्गी कल्याण की पदयात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए नाश्ते का प्रोग्राम और उनको रात में ठहरने का, आराम करने का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें मूलचंद मीणा, बहादुर मीणा, रामकिशन मीणा, गंगाधर मीणा, नाथूराम मीणा, फूलचंद मीणा, सीताराम मीणा, रामरतन जमादार, कमल जमादार, मूलचंद जमादार, फूलचंद चक्की वाला, जुगल और भी बास की ढाणी के युवा साथियों ने मिलकर डिग्गी कल्याण जाने वाले यात्रियों के लिए बहुत अच्छी सुविधाजनक सेवा उपलब्ध करवाई। उनको पानी पिलाया, उनको नाश्ता खिलाया, और उनके लिए आराम करने के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई, जिसमें गुनावता गांव के पंच पटेल मालचंद मीणा, लालाराम मीणा, गणेश , रूपनारायण, पूर्व उपसरपंच लालाराम, आदि गणमान्य भी उपस्थित हुए।

# सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती महापुरा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई महापुरा द्वारा रामस्वरूप अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांत अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भार्गव की अध्यक्षता में सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संघ चालक मानसिंह, इन्द्र कुमार भंसाली एवं डॉ. ममता जोशी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यद्यिप भारत में विविध भाषाएं है। लेकिन इन भाषाओं के साहित्य का मूल भाव एक ही है। भाषाओं की यह विविधता भारत का सौंदर्य है।

प्रांत अध्यक्ष डॉ.ओमप्रकाश भार्गव ने मानस का उदाहरण देते हुए कहा कि मानस का मूल भाव सभी भाषाओं के साहित्य में है। उन्होंने साहित्यकारों से भारत की गौरवमय संस्कृति से प्रेरणा लेकर श्रेष्ठ साहित्य पढ़ने व श्रेष्ठ साहित्य लिखने का आ ान किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान संस्कृत भाषा के डॉ. हेमन्त कुमार चतुर्वेदी व डॉ. विजय कुमार, हिन्दी भाषा के साहित्यकार गुलाब चन्द एवं पंजाबी एवं हिन्दी दोनो भाषा में लेखन करने वाली डॉ मनजीत कौर को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रांत अध्यक्ष द्वारा जगतपुरा इकाई के गठन की घोषणा करते हुए प्राचार्य विद्याराम गुर्जर को इकाई अध्यक्ष एवं डॉ. नितिन कुमार गोयल को महामंत्री का दायित्व दिया गया। इसके साथ ही महापुरा इकाई अध्यक्ष श्रीकांत भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन दिया।

## राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई दवा

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत शनिवार को पीपलू तहसील के सभी सरकारी विद्यालयों, सभी निजी विद्यालयों व सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में 19 वर्ष आयु तक के बच्चों और छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक) दवा खिलाई गई।

सोहेला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे प्रधानाचार्य लल्लू राम शर्मा, प्रभारी सन्जू कुमारी की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के जावेद अली व सोहेला एएनएम पुष्पा सैनी ने बच्चों को दवा पिलाई, चिकित्सा विभाग के टोंक खण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक जावेद अली ने बताया एल्बेंडाजोल दवा एक सुरक्षित दवा है. इस दवा का कोई भी साइड-इफेक्ट नहीं है. एल्बेंडाजोल दवा पेट में कीड़ों (कृमि) को समाप्त करने के लिए दी जाती है. पेट में अधिक कीड़े होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्के से चक्कर आ सकते हैं या उल्टी हो सकती है. ऐसी स्थिति से घबराने की आवश्यकता नहीं है. ऐसी स्थिति में बच्चे को थोड़े समय के लिए खुली हवा में लिटा दें व पानी पिला दें. इसके उपरांत 5-7 मिनट में ही बच्चा सामान्य अवस्था में आ जाता है।

# पावटा में पुलिस व प्रशासन ने निकाली तिरंगा वाहन रैली

**पावटा, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के चलते उपखंड पावटा में पुलिस एवं प्रशासन ने शनिवार सुबह एक बाईक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा बाइक रैली में स्वयं विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने वाहन चलाकर तिरंगा बाइक रैली का आगाज किया तथा सभी वाहन चालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाइक रैली प्रागपुरा थाना परिसर से शुरू होकर पावटा, प्रागपुरा कस्बे के

■ शहर वासियों ने बाइक रैली का किया जगह-जगह स्वागत

प्रमुख बाजारों तथा चौराहा से होकर वापस प्रागपुरा थाना परिसर में सम्पन्न हुई। इस दौरान पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों के साथ मिलकर वाहनों पर तिरंगा झण्डा लहराते हुए देशभक्ति के गीतों के साथ रैली



विधायक कुलदीप धनकड़ ने वाहन चलाकर रैली का आगाज किया।

अपने गन्तव्य रूट पर भव्यता के साथ मर्यादित तरीके से तिरंगा वाहन रैली निकाल इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। रैली के दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ बाइक रैली का स्वागत किया हर घर तिरंगा अभियान के चलते तिरंगा वाहन रैली में करीब सैंकडों वाहन शामिल हुए। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड, पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण सैनी, ईओ बसंत सैनी प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सहित पुलिस प्रशासन व आमजन मौजूद रहे।

## गौशाला का मंत्री बेढम ने किया निरीक्षण

**तिजारा, (निसं)।** राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने श्री मोनी बाबा गौशाला एवं आश्रम सूरजमुखी का निरीक्षण किया।

इस दौरान मंत्री ने गौवंशों को मीठा दलिया खिलाकर गौ पूजन किया। कमेटी की ओर से मंत्री का स्वागत कर गौ माता की मूर्ति भेंट की गई। राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने गौशाला का निरीक्षण कर कमेटी के साथ बैठक की और गौशाला की योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर पर्यांवरण को स्वच्छ और हरित राजस्थान की संकल्पना को साकार बनाने के लिए गोशाला में एक पेड़ गौ माता के नाम पर लगाया। बेढम ने गौवंश संरक्षण एवं संवद्धर्न के लिए योजना बनाने के लिए गौशाला कमेटी की तारीफ की। गौशाला कमेटी ने मंत्री बेढम का गौमाता की मुर्ति देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष तेजपाल नागर, उपाध्यक्ष बने सिंह भिदुडी, सचिव देशपाल यादव, कमल गुर्जर, विरेन्द्र सैनी, यशपाल आचार्य, रतिराम सरपंच, सुरेन्द्र, सुरेश, विक्रम, नरेन्द्र, कमल, अनिल दहिया, मुलचंद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### डिग्गी कल्याण पदयात्रा का शुभारंभ



**टोंक, (निसं)।** ग्राम पंचायत डोडवाडी के ग्राम लांक से डिग्गी कल्याण पद यात्रा शुभारंभ की गई। यात्रा के संयोजक मनीष कुम्हार ने बताया कि 10 अगस्त को भव्य यात्रा का शुभारंभ यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष (डीआर) हंसराज गुंजल ने ध्वज पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान गुंजल का स्वागत भी किया गया। सभी ग्रामवासियों ने सम्पूर्ण प्रदेश में आस्था के केंद्र डिग्गी कल्याण की इस पद यात्रा में श्रद्धा पूर्वक शामिल होकर रवाना हुए। पद यात्रा कल्याण के जयकारों व भजनों के साथ रवाना हुई। इस दौरान गांव के वरिष्ठ जनों ने यात्रा का स्वागत किया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने बताया कि क्षेत्र में चिकित्सा, शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से क्षेत्र के सभी विद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रो व कॉलेजों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 01 से 19 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण से बचाव हेतु एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. जयभगवान यादव ने बताया कि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण बच्चों एवं किशोर किशोरियों की शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालता है। निश्चित समय अंतराल पर कृमि मुक्त करने से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। जो बच्चे किसी कारण से 10 अगस्त को एल्बेंडाजोल दवा खाने से वंचित रहेंगे उनके लिए 17 अगस्त को मापअप राउण्ड किया जायेगा तथा शेष रहे सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जायेगा। इस दौरान राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता वर्मा, भगवती कंवर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, विनोद शर्मा, कैलाश चंद्र एवं दीपेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### साहित्यकार सम्मान समारोह आज

**पावटा, (निसं)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान इकाई पावटा (कोटपुतली) द्वारा 11 अगस्त रविवार को पंसारी होटल एण्ड रिसोर्ट में सुबह 11 बजे से तुलसी जयंती एवं 36वें साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद जयपुर प्रांत प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भार्गव सरस के विशिष्ट आतिथ्य में किया जायेगा। इस दौरान कवि, साहित्यकार, पत्रकार, अधिवक्ता, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी के साथ ही साहित्य प्रेमियों को उपस्थित होकर कार्यत्र्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है।

### तिरंगा रैली निकाली

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में शनिवार को जिला कलेक्टर एवं विभागीय निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विधार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। प्राचार्य महेश चंद यादव ने विधार्थियों को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये देश प्रेम की भावना पैदा कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर उप प्राचार्य हंसराज यादव, सीताराम गुप्ता समेत विधार्थी मौजूद रहे।

### विधार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली

**कोटपूतली, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के समस्त राजकीय विधालयों में शनिवार को विधार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। एसडीएम बृजेश चौधरी ने बताया कि समस्त सरकारी विधालयों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान वातावरण देश भक्तिमय बन गया। इस दौरान विधार्थियों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मात्रम आदि नारे भी लगाये गये।

### जन्माष्टमी के पोस्टर का विमोचन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इस्कॉन प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर आवास पर राज्य के स्वायत शासन और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिलकर जन्माष्टमी महामहोत्सव का किया पोस्टर विमोचन करवाया। हर वर्ष की भांति इस बार भी इस्कॉन श्रीमाधोपुर की ओर से जन्माष्टमी महामहोत्सव का आयोजन भव्य रूप से 26 अगस्त सोमवार को इस्कॉन सेंटर लक्ष्मीनारायण मन्दिर श्रीमाधोपुर में किया जायेगा।। इस्कॉन श्रीमाधोपुर के भक्तों ने इस आयोजन को लेकर पोस्टर विमोचन यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के सानिध्य में जयपुर आवास कार्यालय पर जाकर किया गया।साथ ही भक्तों ने मंत्री जी को हरे कृष्ण महामन्त्र प्रतिमा और भगवत गीता भेंट की व कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया । इस दौरान प्रमेंद्र कानूनगो , योगेश शर्मा, नरोतम अग्रवाल, नंद किशोर शर्मा ,सुशील कुमार अग्रवाल, धर्मेन्द्र सोनी , कमलेश शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से दो नंदी मरे

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के पास डाक बंगला के सामने विगत शुक्रवार रात्रि को एक ट्रक चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये दो नंदी (बैल) को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# अधिकृत दवा विक्रेता अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

**टोंक, (निसं)।** पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए चलाई गई योजना आरजीएचएस वर्तमान सरकार के लिए गले की हड्डी बन गई है, विगत कई माह से अधिकृत दवा विक्रेता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इंतजार कर रहे थे, परंतु समस्या का समाधान नहीं होने से पूरे प्रदेश के अधिकृत दवा विक्रेता 10 तारीख से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। जिस वजह से राज्य के सेवारत एवं सेवा निवृत कर्मचारियों का रोष सरकार के प्रति बढ़ता जा रहा है।

सेवारत एवं सेवा निवृत कर्मचारियों का भी यही कहना है कि वर्तमान सरकार योजना को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु अधिकृत दवा विक्रेताओं की मांगों को नहीं सुन रही है। जिसके चलते दवा विक्रेताओं द्वारा राज्य के सेवारत एवं सेवा निवृत कर्मचारी एवं उनके परिजनों को दवाइयां नहीं देने का फैसला अमल में लाया गया क्योंकि समय पर अधिकृत दवा विक्रेताओं का भुगतान ना होना अकारण रिजेक्शन, डीडेक्शन वह भी कहां तक सह पाएंगे।

प्रादेशिक दवा विक्रेता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय का कहना है कि पूर्व सरकार द्वारा शुरू की गयी स्वास्थ्य कल्याणकारी योजना को वर्तमान सरकार द्वारा भी सुचारू रूप से चलाया जा रहा है, परंतु विभाग द्वारा समस्याओं के समाधान के प्रयास नाकाफी है, परियोजना निदेशक में कार्य को तत्परता से करने की इच्छा शक्ति नहीं है और प्राथमिक कार्यों को लंबित छोड़ देने का स्वभाव योजना के सुचारू क्रियान्वन में रोड़ा बनता चला गया और उनके इसी रवैये से आहत होकर टोंक जिले सहित प्रदेश भर के अधिकृत दवा विक्रेताओं ने सामूहिक हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।